प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 23.02.2026 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **राज्य के सभी 48 नगर निकायों के लिए मतदान का समय खत्म, छह हजार एक सौ चौबीस प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में कैद।**
2. **शहर की सरकार चुनने में खास और आम सभी ने दिखायी रूचि, कई स्थानों पर बुजुर्गों ने पेश की नजीर, आधी आबादी और युवाओं ने भी मताधिकार का बढ़–चढ़कर किया इस्तेमाल।**
3. **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर कल विधानसभा में पेश करेंगे राज्य का वार्षिक बजट, राज्यवासियों को राहत और सौगात की उम्मीद।**
4. **केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से किया संवाद, सहकारिता से समृद्धि का दिया मंत्र।**

और

5. **रांची में आयोजित अखिल भारतीय रेलवे पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन, रोमांचक फाइनल मुकाबले में ईस्टर्न रेलवे ने नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे को तीन–दो से हराया।**

****

राज्य के अड़तालीस नगर निकाय क्षेत्रों में वोटिंग की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। राज्य के नौ नगर निगम, बीस नगर परिषद और उन्नीस नगर पंचायत में नये जन प्रतिनिधि को चुनने के लिए 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। समाज के हर वर्ग ने लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी आस्था को प्रकट की। राज्य में लम्बे अंतराल के बाद निकाय चुनाव होने की वजह से वोटरों का उत्साह चरम पर रहा।

****

निकाय चुनाव की वोटिंग में हर वर्ग ने रूचि दिखायी। खास और आम सभी ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। रांची में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग–अलग बूथों पर मतदान किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी मत डाला। मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में अपने मताधिकार का उपयोग किया। सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर में लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हुए मतदान किया।

****

गिरिडीह जिले के तीन नगर निकायों में आज मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो गई। धनवार नगर पंचायत में सर्वाधिक 65.22 प्रतिशत और बड़की सरैया में 63.74 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हालांकि, गिरिडीह नगर निगम के वार्ड 18 में मतदान के बाद झड़प और गोलीबारी की घटना सामने आई है, जिसमें दो व्यक्ति घायल हुए हैं। डीसी राम निवास यादव ने बताया कि घटना चुनाव समाप्ति के बाद हुई और स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है।

****

इधर, शाम पांच बजे तक गुमला में 59.79, पाकुड़ 66.30, सिमडेगा में 67.83, कोडरमा में करीब 56 प्रतिशत और सरायकेला में 62 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। उधर, देवघर में 60 प्रतिशत

से अधिक मतदान हुआ है। चतरा में 68.88, लातेहार में 66. 12, खूंटी में 64.02 और बोकारो में करीब 55 प्रतिशत और पूर्वी सिंहभूम में लगभग 61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

****

विधानसभा में कल राज्य का वार्षिक बजट पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सदन के पटल पर वित्तीय वर्ष का लेखा–जोखा रखेंगे। इस बार का बजट विशेष है क्योंकि सरकार ने बजट पूर्व गोष्ठियों के माध्यम से विशेषज्ञों और आम जनता से सीधे सुझाव मांगे थे। प्रदेशवासियों को उम्मीद है कि इस बजट में विकास योजनाओं के साथ–साथ करों में राहत और नई सौगातों का ऐलान होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में नई दिल्ली में संपन्न हुए इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में संस्कृत का एक लोक साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक समिट में भारत की क्षमताओं की वैश्विक स्तर पर व्यापक प्रशंसा हुई है।

****

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इस एप में महिला सुरक्षा के लिए विशेष उपाय शामिल किए जाएंगे।

****

जनजातीय संस्कृति, हस्तकला और शिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रांची के ऑड्रे हाउस में जनजातीय कार्य मंत्रालय और ट्राइफेड की ओर से आदि बाज़ार और आदि चित्रा का आयोजन किया जा रहा है। कारीगरों का कहना है कि ऐसे मेलों के माध्यम से विभिन्न राज्यों के आदिवासी समुदायों के बीच परंपराओं, रहन–सहन और सांस्कृतिक अनुभवों का आदान–प्रदान भी होता है।

****

राज्यभर में मौसम का उतार–चढ़ाव जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों में पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर शरण लें और बिजली के खंभों व पेड़ों से दूर रहें।

****

रांची के हटिया एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आज अखिल भारतीय रेलवे पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में साउथ ईस्टर्न रेलवे ने नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे को तीन–दो से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मौके पर मंडल रेल प्रबंधक सह दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ, रांची के अध्यक्ष करुणा निधि सिंह ने कहा कि रेलवे हमेशा से खेलों को प्रोत्साहित करता रहा है।

****

झारखंड की महिला फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू सहित खेल जगत की हस्तियों ने टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है।

**********समाप्त***********